भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1958

03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर में मारे गए आंतकवादी

1958. श्री नितेश गंगा देब:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर में मारे गए आतंकवादियों की संख्या में वृद्धि हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान मारे गए आंतकवादियों की संख्या कितनी है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : जी, हां । सुरक्षा बल नियंत्रण रेखा के साथ-साथ घुसपैठ के प्रयासों को नाकाम करके और भीतरी भागों में आतंकवादी रोधी संक्रियाएं तथा आंतकवादी प्रेरित घटनाओं में जवाबी कार्रवाई करके आंतकवादी कार्यकलापों का मुकाबला करते हैं ।

(ख): सुरक्षा बलों द्वारा की गई सतत् गतिशील कार्रवाईयों के फलस्वरूप बड़ी संख्या में आंतकवादियों का सफाया हुआ है । पिछले पांच वर्षों में जम्मू और कश्मीर राज्य में घुसपैठ रोधी संक्रियाओं, आंतकवाद रोधी संक्रियाओं एवं आंतकवादी प्रेरित घटनाओं की जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए आतंकवादियों की संख्या निम्नलिखित है :-

क्रम संख्या	**वर्ष**	मारे गए आतंकवादियों की संख्या
(क)	2014	104
(ख)	2015	97
(ग)	2016	140
(घ)	2017	210
(ड़)	2018	249

***